सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 136 | इंदौर, सोमवार 02 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

MP में बारिश के आसार

# छिंदवाड़ा-सिवनी, बैतूल में गिरेगा पानी, ग्वालियर-चंबल और उज्जैन में चलेगी बर्फीली हवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मध्यप्रदेश में अगले 48 घंटे बाद यानी 3-4 दिसंबर को बारिश और कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो सकता है। छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान है, जबकि बर्फीली हवा से पूरा प्रदेश ठिठुर सकता है। उत्तरी हिस्से के ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग में ठंड का असर ज्यादा देखने को मिल सकता है। इससे पहले रात के टेम्प्रेचर में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी संभव है।**

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, चक्रवाती तूफान 'फेंगल' पूर्वी हिस्से में सक्रिय है। इस वजह से हवा का असर बढ़ा है। अनुमान है कि छिंदवाड़ा, सिवनी समेत अन्य जिलों में 3-4 दिसंबर को हल्की बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया- उत्तर-पश्चिमी भारत के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। इस वजह से पहाड़ों में बर्फबारी होगी और उत्तरी हवाएं मध्यप्रदेश में तेजी से आएगी। जिससे पूरे प्रदेश में दिन-रात में ठंड बढ़ने का अनुमान है।

### नवंबर के बाद दिसंबर की शुरुआत भी तेज ठंड से

इस बार नवंबर में ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। राजधानी भोपाल में तो 36 साल बाद नवंबर में रात का तापमान सबसे कम रहा। ऐसा ही मौसम दिसंबर में भी रहने का अनुमान है। हालांकि, पहले ही दिन प्रदेश के कई शहरों में ठंड का असर देखने को मिला। रात के साथ रविवार को दिन में भी तापमान में गिरावट देखने को मिली।

बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में रविवार-सोमवार की रात पारा 8.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इंदौर में 12 डिग्री, ग्वालियर में 9.8 डिग्री, उज्जैन में 10 डिग्री और जबलपुर में 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### गिरवर में पारा सबसे कम 6.1 डिग्री तापमान दर्ज

शाजापुर से जुड़े गिरवर में पारा सबसे कम 6.1 डिग्री दर्ज किया गया। राजगढ़ में 7 डिग्री, छतरपुर के नौगांव में 7.2 डिग्री, शिवपुरी के पिपरसमा में 7.7 डिग्री, हिल स्टेशन पचमढ़ी में 8.2 डिग्री, रायसेन-टीकमगढ़ में 9 डिग्री, खंडवा-खजुराहो में 9.4 डिग्री, उमरिया-बैतूल में 9.5 डिग्री और गुना में पारा 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुना, रतलाम,



खरगोन, रीवा, धार, मंडला, नरसिंहपुर, सतना, सागर, सीधी में टेम्प्रेचर 12 डिग्री से कम रहा।

### कोहरा बढ़ेगा, ट्रेनों में फॉग सेफ डिवाइस लगाए

कड़ाके की ठंड के साथ ही अब कोहरे का असर भी बढ़ेगा। ऐसे में भोपाल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में रेलवे ने फॉग सेफ डिवाइस भी लगाई है। लोको पायलटों को कुल 341 फॉग सेफ डिवाइस (FSD) दी गई है। दरअसल, कोहरे के दौरान विजिबिलिटी बेहद कम हो जाती है। जिससे लोको पायलटों के लिए सिग्नल और ट्रैक की स्थिति का सही तरीके से आंकलन करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे हालात में फॉग सेफ डिवाइस लोको पायलटों की मदद के लिए डिजाइन किया गया है। यह पायलट को अलर्ट कर देता है।

### इस बार कड़ाके की ठंड के साथ मावठा भी गिरेगा

प्रदेश में इस बार 20 दिसंबर से कड़ाके की ठंड का दौर आएगा, जो जनवरी तक बना रहेगा। इन्हीं 40 दिनों में 20 से 22 दिन कोल्ड वेव यानी, सर्द हवाएं भी चल सकती हैं। सबसे ज्यादा ठंड उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में रहेगी। वजह बर्फीली हवाओं का सीधे आना है। दूसरे पखवाड़े में ही मावठा यानी, बारिश भी हो सकती है।

भोपाल में तो 36 साल का रिकॉर्ट टूटा है। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में भी पारा सामान्य से 7 डिग्री तक नीचे रहा, लेकिन कड़ाके की ठंड दिसंबर में पड़ेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, इस बार ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठिठुरेंगे। यहां कोल्ड वेव यानी सर्द हवाएं भी चलेंगी।

साल 2014 से 2023 तक के ट्रेंड पर नजर डाली जाए तो भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य शहरों में दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में ही कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू होती है। इन पांच बड़े शहरों में पारे में सबसे ज्यादा गिरावट ग्वालियर में होती है।

पिछले 10 साल में एक बार टेम्प्रेचर1.8 डिग्री तक पहुंच चुका है। जबलपुर में यह 4.4 डिग्री और उज्जैन में 2.5 डिग्री तक रहा है। भोपाल और इंदौर में भी टेम्प्रेचर 5 डिग्री से नीचे रहे हैं।

इंदौर में 15 दिसंबर बाद शीतलहर जैसा एहसास:तब तक सामान्य सर्दी रहेगी;

इस बार ठंड का पैटर्न कुछ अलग है। इंदौर में अधिकतम तापमान जहां औसत से 4-5 डिग्री कम होकर 24.9 डिग्री तक रिकॉर्ड हो रहा है, वहीं न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तक ही बना हुआ है। 10-12 किमी की रफ्तार से चल रही पूर्वी हवा से ठंड महसूस हो रही है।

दिसंबर के शुरुआती 10-15 दिन भी मौसम इसी तरह का रहने वाला है। शीतलहर जैसा एहसास 15 दिसंबर के बाद ही होगा। तब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री या इससे कम रिकॉर्ड होगा।

दरअसल, इस बार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हो रहे हैं। हवा चलने की वजह से दिन के तापमान में गिरावट हो रही है। नवंबर में अधिकतम तापमान 24 डिग्री तक जाना इसका प्रमाण है। दिसंबर के शुरुआती 15 दिनों में भी रात के मुकाबले दिन का तापमान सामान्य से कम रहेगा। कारण यह कि हवा की दिशा अभी पूर्वी ही रहने वाली है। रात का तापमान 10 से 13 डिग्री के बीच ही रहने वाला है।

### 1.1 डिग्री भी रहा रात का पारा

31 दिसंबर 2015 : अधिकतम तापमान 33 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था, जो अब तक का उच्चतम है।

27 दिसंबर 1936 : 1.1 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ है, जो अपने आप में रिकॉर्ड है।

दिसंबर 1967 : सबसे ज्यादा 108.5 मिलीमीटर यानी करीब सवा 4 इंच पानी गिरा था इस महीने में।

17 दिसंबर 2009 : 24 घंटे में 53 मिमी बारिश हुई जो अब तक की सर्वाधिक मानी जाती है।

# पंडित धीरेंद्र शास्त्री को जान से मारने की धमकी

### पंजाब के कट्टरपंथी ने कहा- बागेश्वर वाले बाबा तेरी उल्टी गिनती शुरू हो गई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री को जान से मारने की धमकी मिली है। पंजाब के सिख कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना ने एक मंच से कहा कि धीरेंद्र शास्त्री की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्हें मार डालेंगे। परवाना ने पंडित शास्त्री को पंजाब आने तक की चुनौती दे डाली। दरअसल, धीरेंद्र शास्त्री ने हरिहर मंदिर को लेकर एक बयान दिया था। जिसे पंजाब के सिख कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना ने अमृतसर स्थित हरमंदिर साहिब यानी गोल्डन टेंपल से जोड़ दिया। धीरेंद्र शास्त्री के बयान को लेकर कहा जा रहा है कि यह गोल्डन टेंपल के लिए नहीं, बल्कि कलकी धाम संभल के लिए था। इस मामले में एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया और विश्व हिन्दू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने पुलिस से 48 घंटे के भीतर बरजिंदर परवाना को गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने पंजाब और हरियाणा के डीजीपी को शिकायत भेजी है। शांडिल्य ने आरोप लगाया कि परवाना ने हिंदू-सिख भाईचारे को तोड़ने की साजिश की है।

### बागेश्वर वाला बाबा अमृतसर या पंजाब में आकर दिखाए

पंजाब के कपूरथला जिले के कादराबाद गांव में 26 से 30 नवंबर तक 5 दिन का समागम था। जिसके मंच से बरजिंदर परवाना ने धीरेंद्र शास्त्री को धमकी दी थी। इसका वीडियो सामने आया है। बरजिंदर परवाना ने कहा- बागेश्वर धाम वाले साधु ने बयान दिया कि वह जो हरमंदिर है, वहां हम अपनी पूजा करेंगे। अभिषेक करेंगे और मंदिर बनाएंगे। मैं कहता हूं कि आओ, पर एक बात याद रखना, हमने इंदिरा गांधी को मारा। उसे अंदर पैर नहीं रखने दिया। यहां लाखों की फौज आई, उसे हमने गोलियों से भून दिया। बेअंत (पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह) को चंडीगढ़ में बम से उड़ाया। परवाना ने कहा बागेश्वर वाला बाबा नोट कर ले कि आज से उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। तुझे भी टकरेंगे और चाहे जैसे मर्जी हो, तुझे भी मार डालेंगे। तू आ तो सही। हरमंदिर साहिब तो दूर, बागेश्वर वाला बाबा अमृतसर या पंजाब में आकर दिखाए।

### शास्त्री ने कहा था- हरिहर मंदिर में रुद्राभिषेक होना चाहिए

धीरेंद्र शास्त्री ने अपने एक बयान में कहा था कि अब तो आवाज यहां तक भी आ गई। अब तो जल्दी से जल्दी उस मंदिर की पूजा भी प्रारंभ हो जानी चाहिए। अयोध्या में राम जी बैठ गए। काशी में नंदी भगवान निकल आए। यह मुहूर्त है। अब हरि हर मंदिर में भी अभिषेक, रुद्राभिषेक हो जाना चाहिए। धीरेंद्र शास्त्री के इस बयान को लेकर कहा जा रहा है कि उनका यह बयान गोल्डन टेंपल के लिए नहीं बल्कि कलकी धाम संभल के लिए था।

# रामार्थ में अनुरूप में कलाकारों ने अपनी अमिट छाप छोड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल ने अपना 11वां वार्षिक दिवस अनुरूप हर्षोल्लास व गौरवशाली क्षणों के बीच मनाया। इस भव्य आयोजन में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को अपनी क्षमता, उत्साह और विशिष्टता प्रदर्शित करने का सुअवसर मिला। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को हजारों अभिभावकों व आमंत्रित दर्शकों ने देखा तथा खुले दिल से उन्होंने तालियां बजाकर इसकी सराहना भी की। सुसज्जित मंच पर विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से हर किसी के दिल में अमिट छाप छोड़ी।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज्योति शर्मा एडिशनल कलेक्टर इंदौर, इंडेक्स समूह ऑफ इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष सुरेश सिंह भदौरिया, एमडी मयंकराज सिंह भदौरिया का माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल के सीईओ रुपेश वर्मा, प्रिंसिपल श्याम अग्रवाल,वाइस प्रिंसिपल मौमिता चटर्जी ने अतिथियों का स्वागत किया।मुख्य अतिथियों के साथ विशिष्ट अतिथि इंडेक्स समूह एडिशनल डायरेक्टर डॉ.आर सी यादव, मालवांचल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ.लोकेश्वर सिंह जोधाणा, डॉ.दीप्ति सिंह हाड़ा,अमलतास समूह से डॉ.जगत अनुरूप वार्षिक उत्सव में मयंक वेलफेयर सोसायटी द्वारा स्व. नरेंद्र सिंह भदौरिया एवं मुन्नी देवी भदौरिया की स्मृति में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ, मेधावी और प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

विद्यालय परिवार हर वर्ष विभिन्न विषयों पर अपना वार्षिक दिवस अनुरूप उत्साहपूर्वक मनाता है और इस वर्ष का विषय रामार्थ था। हम सब जानते ही हैं कि भगवान श्रीराम का जीवन संघर्षों से घिरा होने पर भी मर्यादित व आदर्श को स्थापित करने वाला रहा है। उनके सद्गुण, निर्णय क्षमता व कार्यप्रणाली आज के परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक है, जिससे युवा पीढ़ी को शिक्षा लेने की आवश्यकता है। सामाजिक मूल्यों का निर्वहन तभी संभव है, जब जीवन में विचारों के साथ श्रेष्ठ मर्यादा भी स्थापित हो। इस बार विद्यार्थियों ने प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र व सन्मार्ग की अवधारणा को नृत्य-नाटक के माध्यम से आधुनिक परिवार की पृष्ठभूमि पर प्रस्तुत किया। इसकी तैयारियां शिक्षकों के मार्गदर्शन में एक महीने के अथक परिश्रम से की गई थी। खास बात यह रही कि आमंत्रित अभिभावकों व दर्शकों को रंगारंग कार्यक्रम ने तो आकर्षित किया। खुले वातावरण में विशाल मंच पर दिसंबर की ठंडी रात भगवान श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप में खोकर दिव्य आभा बिखेर रही थी, जिससे सभी आलोकित हो रहे थे। रंगारंग कार्यक्रम को भव्य मंच व मंत्रमुग्ध कर देने वाले लाइट डेकोरेशन के माध्यम से बिल्कुल अलग अंदाज में प्रस्तुत किया गया।

## राठौर अध्यक्ष, द्विवेदी बने सचिव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट





इंदौर। मध्यप्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन से संबंधित इन्दौर डिस्ट्रिक्ट एक्वेटिक एसो. के चुनाव हुए, जिसमें संरक्षक श्रीकांत तिवारी, अध्यक्ष राजकुमार राठौर, सचिव सत्यम द्विवेदी, उपाध्यक्ष अमितेश तिवारी व नंदू जादम, कोषाध्यक्ष संजू जाधव निर्वाचित हुए। इन नियुक्ति पूजा पाटीदार, विजय भट्ट, गंगा पांडे, सौगात मिश्रा, रजत शर्मा, शेखर तिवारी व कय्यूम खान के साथ सैकड़ों खिलाडियों ने बधाई दी है ।

## पदमविभूषण चिन्न जीयर स्वामीजी का अभिनंदन किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समता मूर्ति के संस्थापक चिन्न जीयर स्वामीजी के छत्रीबाग स्थित व्यंकटेश देवस्थान पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव व नागौरिया पीठाधीश्वर स्वामी विष्णुप्रपनाचार्य महाराज की उपस्थिति में संस्था 'आदित्य'के संयोजक सचिन नीमा द्वारा उपरना ओढा कर अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर स्वामीजी ने अपने उद्बोधन में कहा की आज देश को आध्यात्मिक गतिविधियों की बहुत आवश्यकता है जिससे कि युवा पीढ़ी पथभ्रष्ट ना हो ।इस अवसर पर स्वामी जी ने सभी को आशीर्वाद स्वरूप रक्षासूत्र भी वितरित किये।इस दौरान भाजपा युवा नेता जीतू कुशवाहा, जितेंद्र मौर्य, प्रवीण मौर्य, विनोद निगम,अमर गोमे,मनीष शिंदे आदि मौजूद थे।

# चित्रांतरण के जरिए बाल कलाकारों ने दिखाई बदलते वक्त की तस्वीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव अनुरूप आयोजित किया गया। 11 वें वार्षिकोत्सव अनुरुप के दौरान के पहले दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से पांचवी कक्षा के छात्रों द्वारा नाटक और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। चित्रांतरण पैनल से पिक्सल तक मनाया गया।**

इस कार्यक्रम ने छात्रों को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और समर्पण दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूनियर स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा एक भावपूर्ण मिश्रण प्रस्तुत किया गया। इंडेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया ने अतिथि अभिषेक पसारी, प्रसिद्ध पेरेंटिंग कोच और काउंसलिंग फिजियोलॉजिस्ट ने सभी बाल कलाकारों की सराहना की। इस अवसर इंडेक्स समूह के एमडी मयंकराज सिंह भदौरिया,एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव, स्कूल के सीईओ रूपेश वर्मा, मालवांचल यूनिवर्सिटी के प्रो.वाइस चांसलर डॉ.रामगुलाम राजदान, रजिस्ट्रार डॉ.लोकेश्वरसिंह जोधाणा,डीन मेडिकल डॉ.जीएस पटेल,वाइस प्रिंसिपल मौमित चटर्जी आदि उपस्थित थे।

प्रिंसिपल श्याम अग्रवाल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें पिछले वर्ष के दौरान शिक्षा, कला और खेल में स्कूल की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। हर वर्ष माउंट इंडेक्स स्कूल का वार्षिक समारोह एक असाधारण थीम के इर्द-गिर्द घूमता है जो विचार और चिंतन को प्रोत्साहित करता है। इस वर्ष की थीम, चित्रांतरण - पैनल से पिक्सल तक, ने प्रिय पुस्तकों के ज्वलंत पन्नों से लेकर डिजिटल युग की गतिशील स्क्रीन तक, कहानी कहने के विकास को खूबसूरती से दर्शाया।

प्रिंसिपल श्री श्याम अग्रवाल ने स्कूल की वार्षिक पत्रिका, पिक्सल्स ऑफ प्रोग्रेस का अनावरण किया, जो पिछले वर्ष में स्कूल की उपलब्धियों और मील के पत्थरों का प्रमाण है।कार्यक्रम का समापन छात्रों अयोना राजपूत, आदिव लाड और नेविना थॉमस द्वारा दिए गए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## मुद्रा जगत की चुनौतियों पर गिरीश शर्मा का व्याख्यान होगा

### भारतीय मुद्रा परिषद का 106वां वार्षिक सम्मेलन 3 से 5 दिसम्बर को मथुरा में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देशभर के मुद्रा विद्वान और संग्राहक 3 से 5 दिसम्बर को मथुरा में आयोजित भारतीय मुद्रा परिषद के 106वें वार्षिक सम्मेलन में पहुंचेंगे। यहां मुद्रा जगत की चुनौतियाँ विषय पर व्याख्यान होगा। जिसमें इंदौर के मुद्रा स्कॉलर गिरीश शर्मा आदित्य भी व्याख्यान देंगे। गौरतलब रहे गिरीश शर्मा इस 106 साल पुराने संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे हैं। उत्तरप्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय लखनऊ, संस्कृति विभाग द्वारा भारतीय मुद्रा परिषद का 106वां वार्षिक सम्मेलन 3 से 5 दिसम्बर को मथुरा के डैम्पियर नगर पाञ्चजन्य सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय संगोष्ठी व मुद्रा प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।जिसका उद्घाटन 3 दिसम्बर मंगलवार को सुबह 9 बजे होगा। मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह होंगे।

# आर्किटेक्चर में आ सकता है क्रांतिकारी बदलाव

### आईआईए इंदौर सेंटर का वास्तुकारों का प्रेरणादायक कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सही लाइटिंग किसी भी स्थान के सौंदर्य और उपयोगिता को बढ़ा सकती है। यदि आप अपने स्ट्रक्चर में ज्यादा परिवर्तन लाए बिना घर को नया लुक देना चाहते हैं तो घर की लाइटिंग में चेंज ले आइए। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्स के इंदौर सेंटर द्वारा ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में यह बात प्रिंसिपल लाइटिंग डिजाइनर कुणाल गुप्ता ने कही। दूसरे वक्ता, आर्किटेक्ट अवनीश सिंह, ने पूर्वनिर्मित संरचनाओं और आर्किटेक्चर के भविष्य पर बात की।**

गुप्ता जी ने लाइटिंग डिजाइन में नवीनतम तकनीकों और ऊर्जा-संवेदनशील समाधानों के उपयोग पर जोर दिया, जो न केवल सौंदर्य में सुधार करते हैं, बल्कि टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल भी हैं। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख वास्तुकार, डिजाइनर और विशेषज्ञ शामिल हुए। यह कार्यक्रम विचारशील चचाओं और नवाचारों से भरपूर रहा।

आर्किटेक्ट नितिन घुले ने आगामी सत्र में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। आर्किटेक्ट स्नेहल सोनटक्के ने फरवरी 2025 में पॉन्डेचेरी में आयोजित आर्किटेक्चर टूर के बारे में जानकारी दी। आर्किटेक्ट अर्पित काबरा ने आर्किटेक्ट्स की प्रतियोगिता आरकॉर सीजन-2 की तारीख को घोषणा की। आर्किटेक्ट अवनीश सिंह, ने पूर्वनिर्मित संरचनाओं यानी प्रीफैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर और आर्किटेक्चर के भविष्य पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि निर्माण समय को कम करने, कचरे को न्यूनतम करने और लागत-प्रभावशीलता बढ़ाने में पूर्वनिर्माण तकनीक का महत्व तेजी से बढ़ रहा है।

## शोभायात्रा से आज होगी श्री महालक्ष्मी यज्ञ की शुरूआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में 5 दिवसीय श्री महालक्ष्मी यज्ञ होने जा रहा है। शुरूआत 2 दिसंबर को श्री अन्नपूर्णा शोभायात्रा से होगी। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि आयोजन में प्रतिदिन सुबह 6 से 11 बजे एवं दोपहर 1 से 4 बजे हवन होगा और शाम को 5 से 7 बजे प्रवचन होंगे। समापन श्रीरामपंचमी से होगा।

## हर्ष गुप्ता प्रभारी नियुक्त

इंदौर। केंद्रीय मंत्री महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं राजमाता विजयराजे सिंधिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिलीप यादव , प्रदेश अध्यक्ष लोकेश पवार की सहमति से इंदौर जिला अध्यक्ष दीपक चौरसिया की अनुशंसा से हर्ष गुप्ता को इंदौर जिले का जिला विवानसभा 2 नंबर का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# निरीक्षण दल द्वारा विभिन्न विक्रेताओं के बीज की जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इदौर। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा गठित बीज निरीक्षण दल द्वारा विभिन्न बीज विक्रेताओं के यहां निरीक्षण करते हुए बीज की जांच की गई।**

उप संचालक उद्यान जिला इन्दौर डी.एस. चौहान ने बताया कि दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स श्री बालाजी सीड्स एंड पेस्टीसाईड, जैन सीड्स कार्पोरेशन, बाकलीवाल एग्रो, श्री ढेडर्स, श्रीराम कृषि सेवा केन्द्र, श्री जैन बीज भण्डार, श्री लक्ष्मी सीड्स इण्डिया प्रा.लि., गुरूकृपा एग्रो एजेंसी, श्री सच्चिदानंद कृषि सेवा केन्द्र एवं अनुश्री एग्रो का बीज निरीक्षण दल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स एक्सन हाईवेज प्रा. लिमिटेड कम्पनी का बीज विक्रय करना नहीं पाया गया। श्री चौहान ने बताया कि जिले के समस्त बीज विक्रेताओं को सूचित किया गया कि मेसर्स एक्सन हाईवेज प्रा.लिमिटेड कम्पनी को जिला प्रशासन द्वारा बीज विक्रय हेतु प्रतिबंधित किया गया है। अतः किसी भी विक्रेता द्वारा बीज विक्रय किये जाने पर बीज अधिनियम 1966 तथा बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 की धाराओं के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# चंदन चोरों का गिरोह पकड़ाया

## चोरी का चंदन खरीदने वाले भी गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चंदन के पेड़ काटकर चोरी करने वाली गैंग के पांच सदस्यों को संयोगितागंज पुलिस ने गिरफ्त में लिया है। आरापियों ने पिछले दिनों एमवाय अस्पताल के परिसर से चंदन के पेड़ काटे थे। आरोपियों की पुलिस कई दिनों से तलाश कर रही थी। पकड़ाए आरोपियों में चोरी का चंदन खरीदने वाले भी शामिल हैं।**

संयोगितागंज टीआई सतीश पटेल ने बताया कि गत 12 सितंबर को चाचा नेहरु चिकित्सालय एमवायएच परिसर से 4 चन्दन केपेड चोरी होने होने के मामले में केस दर्ज किया गया था। टीआई सतीश कुमार पटेल ने थाने की पुलिस टीम बनाकर आरोपियों की तलाश को लगाया गया। काफी प्रयास के बाद आखिरकार पुलिस को सफलता मिली और पूरी गैंग का पर्दाफाश हो गया। टीम ने घटनास्थल व आसपास की सीसीटीवी कैमरा फुटेज को देखा, जिसमें संदिग्धों के आने-जाने का रूट में तैयार किया गया एवं साइबर टीम की मदद से घटनास्थल का पीएसटीएन डाटा, आईपीडीआर डाटा एनालाइज पुलिस टीम द्वारा किया गया। टेक्निकल साक्ष्य एवं मुखबीर सूचना पर पुलिस टीम बनाकर जिला आगर मालवा भेजी गइ, जहां पर पुलिस टीम ने विक्रम पिता केशाजी मालवीय नि. ग्राम तनोडिया जिला आगर मालवा, शंकर उर्फ गाडर पिता लालू चौधरी नि. सदर, शहजाद पिता अजिज खां निवासी पिपलोन खुर्द तह. जिला आगर मालवा और कमरूद्दीन पिता सुलेमान खां नि. सदर को पकड़ा। चारों से सख्ती से पूछताछ में चंदन के पेड़ चोरी करना स्वीकारा गया। आरोपियों ने चोरी की चंदन की लकड़ी को आरोपी शहजाद खान एवं कमरुद्दीन खान को बेचना बताया।

शहजाद खान एवं कमरुद्दीन खान से पूछताछ में चंदन की चोरी की लकड़ी खरीदना बताए एवं अधिक दाम में आरोपी युसुफ खान पिता नूर मोहम्मद खान निवासी पिपलोन खुर्द तहसील जिला आगर मालवा को बेचना बताया। इस पर से पुलिस टीम को आरोपी युसूफ खान को भी पकड़ा गया। आरोपियों से चंदन की लकड़ी को काटने की कटर मशीन एवं अन्य सामग्री को जप्त की गई। मामले में फरार आरोपी मोहन बागड़ी की तलाश की जा रही है।

# सूने मकान से डेढ़ लाख रुपए उड़ाए

**इंदौर। बदमाशों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए डेढ़ लाख रुपए चुरा लिए। यह रुपए घर के मंदिर की अलमारी में रखे हुए थे।**

वारदात लसूड़िया थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने बताया कि मामले में भेरूसिंह चावला निवासी बांगड़दा जिला देवास की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। भेरूसिंह ने पुलिस को बताया की स्कीम नंबर 114 पार्ट 1 में उसका मकान है। वहां ताला लगा हुआ था। अज्ञात बदमाश बीती रात घर में घुसे और पूजा की अलमारी के ड्रोज में रखें डेढ़ लाख रुपये नगदी चुरा ले गए।

## अस्पताल के सामने से बाइक चोरी

इधर लसूड़िया इलाके में ही माधव सृष्टि अस्पताल के सामने से जयराम की मोटरसाइकिल बदमाश चुरा ले गए। जयराम के दोस्त दीपक खत्री की गाड़ी भी बदमाशों ने गायब की है। इसी तरह वीणा नगर महालक्ष्मी नगर से दीपक पिता मधुसूदन और जतिन मित्तल की मोटरसाइकिल भी बदमाश ले गए।

# टीवी सुधारते समय लगा करंट, मौत

## करंट से मजदूर की मौत में इंजीनियर पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । तिलक नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। घर में ही टीवी सुधारते समय वह करंट की चपेट में आया था। वहीं एक अन्य घटना में मजदूर की करंट लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने इंजीनियर पर केस दर्ज किया है।**

जानकारी के अनुसार मृतक का नाम जितेंद्र पिता राम प्रसाद निवासी पिपलियाहाना तिलक नगर है। पड़ोसी लोकेश और परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों के अनुसार जितेंद्र बिजली का काम करता था। घर में ही टीवी सुधारते समय पर करंट की चपेट में आ गया था। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। मामले में तिलक नगर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

उधर, विजय नगर इलाके में एक निमार्णाधीन मल्टी में काम के दौरान करंट लगने से मजदूर की हुई मौत के मामले मे पुलिस ने जांच के बाद इंजीनियर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक हादसा 7 अप्रैल को भमोरी में गिरधर महल के सामने बन रही मल्टी में हुआ था। काम के दौरान करंट लग जाने से मजदूर दुर्गेश पिता यादव राव(22) निवासी ग्राम लालाबाड़ी जिला बैतूल की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी ठेकेदार कृष्णा यादव पर सुरक्षा उपाय में लापरवाही पर केस दर्ज किया है। जांच में पाया गया कि इंजीनियर कृष्णा यादव ने लापरवाही बरती। उसने मोटर की कैबल में कट होने के बावजूद दुर्गेश से काम कराया और आश्वयक सुरक्षा उपकरण उपल्बध नहीं कराए थे। इस कारण काम के दौरान करंट लगने से दुर्गेश की मृत्यू हो गई।

# खुद को कुंवारा बताकर छात्रा से किया दुष्कर्म

## पहले की दोस्ती, फिर बनाए संबंध, एक बच्चे का पिता है आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा से एक युवक ने दोस्ती की और खुद को कुंवारा बताया। बाद में जब दोस्ती बढ़ी तो उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाते हुए दुष्कर्म किया। बाद में छात्रा को पता चला कि आरोपी शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। मामले में पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

मामला लसूड़िया इलाके का है। पुलिस ने 12वीं कच्चा की छात्रा की शिकायत पर सिंगापुर टाउनशिप निवासी आकाश राजपूत के खिलाफ प्रकरण दर्ज है। पीड़ित ने बताया कि 2022 में उसकी आकाश से पहचान हुई थी। वह स्कूल आते - जाते समय रास्ते में मिलता था। उसने एक दिन कहा कि तुम मुझे अच्छी लगती हो। शादी करना चाहता हूं। छात्रा ने बताया कि उसके प्रपोजल पर उसने उसे कहा कि वह अपने माता - पिता की मर्जी के बिना शादी नहीं करेगी। लेकिन, वह बराबर शादी के लिए दबाव बनाता रहा। कहता था कि अगर शादी नहीं करोगी तो सुसाइड कर लूंगा। एक दिन वह सिगापुर टाउनशिप में ले गया। उसके घर पर कोई नहीं था। उसने रिलेशन बनाए। इसके बाद कई बार उसने ऐसा किया। बाद में पता चला कि वह शादीशुदा है। उसके एक साल का बच्चा भी है। आकाश से इसकी वजह पूछी, तो उसने जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## बहन के दोस्ती को पीटा तो भाई की शिकायत पुलिस से की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक युवक ने अपनी बहन के दोस्त को पीट दिया। इस पर युवती थाने पहुंची और अपने ही भाई के खिलाफ केस दर्ज कराया। घटना एरोड्रम थाना क्षेत्र के अखंड नगर की है। पुलिस को मिताली कृष्णकुमार मालवीय ने शिकायत दर्ज करवाई कि दोस्त रजत तोमर उसे घर छोड़ने पहुंचा तो मिताली ने रजत को अपने माता-पिता से मिलवाया, इसी दौरान उसका भाई भय्यू उर्फ मोहित चौधरी आया और रजत को अपशब्द कहने लगा इस पर बहन ने भाई को दोस्त को अपशब्द कहने से मना किया तो वह भड़क गया और मिताली और रजत को धक्का देकर बाहर निकाल दिया जिसके बाद मिताली और रजत वापस जाने लगे इसी दौरान मोहित ने पीछा किया और अपने दोस्त को भी बुला लिया। सभी ने मिलकर रजत को जमकर पीटा और उसे पत्थर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर केस दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पार्किंग में खड़ी कार जली मकान में भी लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुई। सुबह-सुबह जहां पार्किंग में खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई वहीं खंडवा रोड पर एक मकान में भी आग लगने की घटना हुई।**



जानकारी के अनुसार रविवार तड़के गांधीनगर के चंद्र मार्ग स्थित शंकर कालोनी में रहने वाले निहार पिता अनिल सोलंकी की पार्किंग में खड़ी हुंडई वेन्यू कार में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरी कार को चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग को बुझाया। हालांकि यह ज्ञात नहीं हो पाया है कि आग लगी है या लगाई गई है। खुद कार मालिक घटना से अनजान है। इसी प्रकार खंडवा रोड स्थित रानीबाग में रहने वाले अमर सिंह पिता रूप लाल के मकान में आग लगने की घटना हुई, जिसमें उनका गृहस्थी का सामान टीवी,फर्नीचर, एसी जल गए। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त घर में कोई नहीं था।

# दसवी की छात्रा ने बात करना बंद की तो बदनाम करने बनाई फर्जी आईडी, मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दसवीं क्लास की छात्रा के प्राइवेट फोटो उसके दोस्त ने इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिए। आरोपी ने फर्जी आईडी बनाकर यह काम किया।**

आजाद नगर पुलिस ने 17 साल की छात्रा की शिकायत पर संजू निवासी चंदन नगर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वह निजी स्कूल में पढ़ाई कर रही है। सहेली के माध्यम से संजू से पहचान हुई थी। दोनों की बातें होने लगी, संजू जनवरी 2024 में अपने घर लेकर गया, यहां गलत तरीके से टच किया। इस दौरान उसने फोटो ले लिए, इस बात पर संजू से अनबन हो गई। उससे बात करना बंद कर दी। छात्रा ने बताया कि शुक्रवार को भाई की इंस्टाग्राम आईडी पर जनत बेबी 1 के नाम से फ्रैंड रिक्वेस्ट आई। प्रोफाइल में छात्रा की फोटो लगी थी। भाई ने आईडी ओपन किया तो उसमें संजू ने फोटो अपलोड किये हुए थे। जो भाई ने आकर छात्रा को बताया। संजू को छात्रा ने कॉल किया। तब उसने बताया कि बात नही करती थी तो बदनाम करने के लिये यह सब किया है। यह बात छात्रा ने परिवार को बताई, इसके बाद संजू के खिलाफ आजाद नगर थाने आकर केस दर्ज करा दिया।

# अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेशन डायरेक्टर से मारपीट

**इंदौर। एक अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेशन डायरेक्टर और उनके साथियों के साथ मारपीट हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

घटना कनाड़िया इलाके की है। पुलिस नो बताया कि सेवाकुंज अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेशन डायरेक्टर रोशन कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया है। घटना शनिवार शाम की है। रोशन कुमार अपने साथी शाह नवाज अंसारी, आंनद वैष्णव, पूणेन्द्र बघेले, दीपक साहू बालेश्वर परिहार के साथ ड्यूटी खत्म होने के बाद घर जाने के लिए खड़े थे। वही पर वाइस चांसलर प्रमोद गुप्ता ने रुकने के लिए बोला कि चेयरमैन सर आपसे बात करेंगे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने आते ही सीधे गाल पर चांटा मार दिया। तब मेरे आसपास के साथी आ गए। इसी बीच दूसरे व्यक्ति ने कार नंबर (एमपी 09 डब्ल्यूएन 0770) से बेसबाल का डंडा निकाल लिया। वह अपने साथी के साथ मारने दौडे। तभी शाह नवाज बीच में आ गया। आरोपी ने उसके सिर में डंडा दे मारा। इस दौरान दूसरे व्यक्ति ने आंनद वैष्णव के उपर बेसबाल के डंडे से हमला कर दिया। मौके पर अपूर्वा मिश्रा, आस्था चौहान और पूर्णेन्द्र बघेल ने बचाव की कोशिश की। इनके साथ आरोपियों द्वारा अभद्रता की गई। तभी गार्ड वहां पर भागते हुए आए तो एक व्यक्ति ने पिस्टल निकालने की बात की। इसके बाद आरोपी वहां से जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घायल होने वाले शाहनवाज,आंनद वैष्णव और बालेश्वर परिहार को अस्पताल में एडमिट कराया। बाद में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# सिंधिया बोले- मैं बयान के बयान में नहीं लगता

## भाजपा संगठन के सवाल को टाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गुना, (एजेंसी)। विजयपुर उपचुनाव में प्रचार के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के न जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा संगठन ने कहा कि उन्हें बुलाया गया था, लेकिन वह व्यस्तता के कारण नहीं गए। प्रदेश महामंत्री के इस बयान पर सिंधिया ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने गुना में कहा कि वह बयान पर बयान नहीं देते।

बता दें कि शनिवार को जब सिंधिया ग्वालियर पहुंचे तो उन्होंने विजयपुर उपचुनाव में वन मंत्री रामनिवास रावत की हार पर कहा- हमें चिंतन करना होगा। यह हार चिंता की बात है। यदि मुझसे वहां प्रचार का कहा होता, तो मैं जरूर जाता। मैं जनता का सेवक हूं।

सिंधिया के इस बयान के बाद शनिवार देर रात बीजेपी संगठन का जवाब आया। पार्टी के प्रदेश महामंत्री और विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा- विजयपुर के स्टार प्रचारकों की सूची में सिंधिया का नाम था। सीएम डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद ने उन्हें विजयपुर में आने के लिए आग्रह किया था। सिंधिया ने अपनी व्यस्तता के चलते नहीं आ पाने की बात कही थी। ऐसा नहीं है कि उनको नहीं बुलाया गया था। उनको आमंत्रित किया गया था।

शनिवार देर रात केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना पहुंचे। रविवार सुबह उनसे जब भगवानदास सबनानी के बयान पर सवाल पूछा गया तो सिंधिया ने कहा कि मैं बयान के बयान में नहीं लगता।ह्न वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा सिंधिया वहां जाते तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता। इसके सवाल को वह टाल गए।

# भाजपा नेता के बेटे ने प्रधान आरक्षक को मारे थप्पड़

## गाली-गलौज कर धमकी भी दी, पुलिसकर्मी ने रोकी थी नपाध्यक्ष के बेटे की गाड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर,(एजेंसी)। अनूपपुर में भाजपा नेता व पसान नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह के बेटे अभिषेक सिंह का गुंडागर्दी का वीडियो सामने आया है। वीडियो में भाजपा नेता का बेटा पुलिसकर्मी की पिटाई करता नजर आ रहा है। मामला शनिवार दोपहर का है। बता दें कि राम अवध सिंह पसान नगर पालिका अध्यक्ष के साथ जिला समन्वयक समिति के अध्यक्ष और भाजपा जिला उपाध्यक्ष भी हैं।**

घटना उस वक्त की है, जब गोविंद खदान की बूम बैरियर पर अभिषेक उर्फ विक्की सिंह की पिकअप को जांच के लिए सीआईएसएफ के प्रधान आरक्षक गणेश प्रधान ने रुकवाया। भाजपा नेता के बेटे अभिषेक ने कहा- तूने मेरी गाड़ी कैसे रोक ली। इस पर जवान ने कहा- यह मेरी ड्यूटी है।



यह बात नागवार गुजरी। उसने प्रधान आरक्षक से कहा कि तुम विक्की सिंह का नाम सुनकर भी नहीं पहचाने।प्रधान आरक्षक ने पूछा कि तुम काम क्या करते हो। इस दौरान पुलिसकर्मी मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगा। वीडियो में विक्की गाली-गलौज करते दिख रहा है। विवाद के दौरान विक्की सिंह ने उसे थप्पड़ मारना शुरू कर दिए। मामले में 12 सेकंड का वीडियो भी सामने आया है।

### नपाध्यक्ष बोले- जवान बैटरी चोरी करते हैं

इस मामले में पसान नगरपालिका अध्यक्ष का कहना है मेरे बेटे का वैगन लोडिंग का ठेका गोविंद खदान में है। वहां से गाड़ी की तीन बैटरियां चोरी हुई थीं। सीआईएसएफ के जवान कॉलरी में चोरी करते हैं। मैं जिला अध्यक्ष की रेस में हूं, इसलिए भी मुझे टारगेट किए जा रहा है।

### कोतमा थाने में केस दर्ज

कोतमा थाना प्रभारी सुंदरेश मरावी ने बताया कि आरोपी विक्की सिंह ने गोविंद खदान पर पिकअप चलती हैं। सीआईएसएफ जवान ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर विक्की सिंह पर शासकीय कार्य में बाधा, जान से मारने की धमकी व अन्य धाराओं में मामला किया है।

# दलित युवक की गला घोंटकर हत्या

## अंबाह में मिली लाश, आरोपी बोला-गालियां दे रहा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अंबाह, (एजेंसी)। मुरैना के अंबाह में एक शख्स ने एक युवक की उसके ही गमछे से गला घोंट कर हत्या कर दी। इसका वीडियो भी सामने आया है। आरोपी ने तीन बार युवक का गला घोंटा। तीसरी बार में वह नीचे गिर पड़ा। उसकी मौत हो गई।**

दरअसल, शनिवार को अंबाह कस्बे के पोरसा चौराहा पर देसी शराब ठेके के पास युवक शव मिला था। जिसकी पहचान राजेंद्र सखवार (उम्र 40 वर्ष) के रूप में हुई। वह पाली का ताल गांव का रहने वाला था। राजेंद्र दलित समुदाय से आता है। उसके पिता अमर सिंह सेना में जवान थे।

रविवार को पुलिस ने इस मामले में दीपू पंडित नाम के आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि राजेंद्र उसके साथ गाली-गलौज कर रहा था। इसलिए गुस्से में आकर उसका गमछा खींच दिया। पुलिस ने रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

### तीन बार गला घोंटा, तीसरी बार में युवक नीचे गिर पड़ा

दरअसल, पुलिस को शव के गले में गमछे का फंदा लगा मिला था। पुलिस ने जांच के दौरान जब पास में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले तो उसमें एक युवक फंदा लगाते दिखा। वीडियो में दिख रहा है कि युवक किसी दुकान के सामने सीढ़ियों पर बैठा है। आरोपी उसके पास आता है और उसके गले में गमछे का फंदा लगाता है। फिर जेब में हाथ डालकर दूर चला जाता है। फिर लौटता है और युवक का फंदा कस देता है। फिर पास में ही खड़े होकर उसे देखता है और उसका फंदा और कस देता है। जिसके बार युवक वहीं बैठे-बैठे नीचे गिर जाता है। वह दो बार उठने की कोशिश करता है, लेकिन उठ नहीं पाता है।

इस मामले में एसडीओपी रवि भदौरिया ने बताया कि शनिवार को पोरसा चौराहे के पास अज्ञात शव के होने की सूचना मिली थी। उसकी शिनाख्त पाली का ताल के राजेंद्र सखवार के रूप में हुई। जिसके बाद परिजनों को सूचना भिजवाई गई। रविवार को शव का पीएम कराया गया है।

मामले में सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिसमें विजयगढ़ के दीपू पंडित नाम का व्यक्ति मृतक के गले में गमछा खींचता दिख रहा था। उसे राउंड अप कर लिया है। इस दौरान उसने बताया है कि मृतक से उसका विवाद हो गया था तो उसने गुस्से में उसका गमछा खींच दिया था।

# छात्रा से बेड टच करने पर गेस्ट टीचर गिरफ्तार

## परिजनों ने स्कूल घेरा, जनजातीय विभाग ने नौकरी से निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, (एजेंसी)। आदिवासी बाहुल्य खालवा क्षेत्र के एक स्कूल में छात्रा के साथ बेड टच का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ करने वाला स्कूल का टीचर था, जो बतौर गेस्ट फैकल्टी में नौकरी कर रहा था। छात्रा के साथ इस तरह के कृत्य को लेकर परिजनों ने स्कूल को घेर लिया। जनजातीय कार्य विभाग ने तत्काल निर्णय लेकर गेस्ट टीचर को नौकरी से निकाल दिया।**

इधर, शनिवार को मिली शिकायत पर खालवा पुलिस ने आरोपी टीचर के खिलाफ छेड़छाड़, पॉक्सो समेत एट्रोसिटी एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। मामला शासकीय माध्यमिक शाला ग्राम उदियापुर माल की है। जो कि खालवा से 15 किलोमीटर दूर है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी धनराम पिता आशाराम लौवंशी निवासी ग्राम खालवा है।

**पढ़ाई की बात को लेकर किया बेड टच-** 11 वर्षीय छात्रा ने बताया कि आरोपी धनराम ने शुक्रवार के दिन पढ़ाई की बात को लेकर बेड टच किया। कमर और सीने में चिमटी ली। टीचर की करतूत उसने घर जाकर माता-पिता को बताई। परिजनों ने थाने आकर आरोपी के खिलाफ शिकायत की। आरोपी धनराम के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। शिकायत मिलने के बाद आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अफसर बोले- टीचर को नौकरी से बर्खास्त कर दिया-** जनजातीय कार्य विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त विवेक पांडेय का कहना है कि, स्कूल में छात्रा के साथ बेड टच का मामला उनके संज्ञान में है। सूचना मिलने के बाद शनिवार को वे और जिले का स्टाफ स्कूल पहुंचा था। उसी समय गेस्ट टीचर को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। वह क्लास-1 श्रेणी का गेस्ट टीचर था। सरकार उसे प्रति महीने 18 हजार रुपए का मानदेय देती थी।

**एसपी बोले- आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया-** एसपी मनोज कुमार राय ने कहा कि, अतिथि शिक्षक के खिलाफ शिकायत मिलते ही खालवा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। स्कूल की अन्य छात्राओं से बात की जाएगी। किसी छात्रा ने पूर्व में शिकायत की होगी तो रिकॉर्ड देखा जाएगा। जानकारी मिली है कि संबंधित विभाग ने भी अपने स्तर पर कार्वाई की है।

# फिल्मी अंदाज में नारकोटिक्स टीम की गाड़ी को टक्कर मारी

## कोटा टोल पर हमला, 9 क्विंटल डोडाचूरा जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार

**नीमच, (एजेंसी)।** सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो जावरा सेल की टीम ने चित्तौड़गढ़-बारां हाईवे पर कोटा हैंगिग ब्रिज (राजस्थान) के पास एक पिकअप वाहन की घेराबंदी कर डूडा चूरा के दो तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 9 क्विंटल 11 किलो 540 ग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया है। इस दौरान तस्करों ने पिकअप वाहन से नारकोटिक्स ब्यूरो की गाड़ी को फिल्मी अंदाज में टक्कर मारी। घटना 29 नवंबर सुबह 6 बजे की है। तस्कर नीमच जिले के मनासा क्षेत्र से डोडा चूरा तस्करी कर राजस्थान के बीकानेर ले जा रहे थे। टीम ने जब पिकअप वाहन की घेराबंदी की तो पिकअप सवार आरोपियों ने भागने के लिए गाड़ी को टक्कर मारी। पिकअप को रिवर्स लेकर एक अन्य वाहन को भी टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

डिप्टी नारकोटिक्स कमिश्नर कार्यालय नीमच अंतर्गत आने वाले जावरा सेल के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि राजस्थान पासिंग पिकअप में दो व्यक्ति मनासा (म.प्र.) से डोडा चूरा लोड कर बीकानेर (राजस्थान) ले जा रहे हैं। सूचना पर सीबीएन जावरा सेल के अधिकारियों की टीम 27 नवंबर को रात में रवाना हुई। संदिग्ध मार्ग पर 36 घंटे से अधिक समय तक कड़ी निगरानी रखी। 29 नवंबर को चित्तौड़गढ़ कोटा हाईवे पर वाहन की पहचान कर नयागांव टोल प्लाजा, कोटा (राजस्थान) में पकड़ा। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारी ने बताया- घटना शुक्रवार सुबह करीब छह बजे के आसपास की है। तस्करों के मनासा, नीमच (मध्य प्रदेश) की तरफ से रावतभाटा (चित्तौड़गढ़) होते हुए बीकानेर की तरफ जाने की सूचना मिली थी।

# कान्हा टाइगर रिजर्व का बाघ छत्तीसगढ़ पहुंचा

## अचानकमार टाइगर रिजर्व को बनाया नया ठिकाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला, (एजेंसी)।** मंडला जिले के कान्हा टाइगर रिजर्व का एक बाघ 400 किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व में देखा गया है। इस खबर से बाघों के आवास को जोड़ने वाले कॉरिडोर की जीवंतता प्रकट होती है। ऐसे कॉरिडोर बाघ सहित अन्य वन्यप्राणियों के स्वच्छंद विचरण के साथ संरक्षण में सहायक होंगे। कान्हा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पुनीत गोयल ने बताया कि अचानकमार टाइगर रिजर्व में लगाए गए कैमरों में एक नया बाघ स्पॉट हुआ। जिसके बाद उन्होंने एनटीसीए में बाघ की आईडी जनरेट करने की कार्रवाई की। जहां इसकी पहचान कान्हा के बाघ टी 200 के तौर पर हुई। यह बाघ कान्हा के कैमरों में जनवरी-फरवरी में ट्रेप हुआ था और उसके बाद इसकी आईडी जनरेट हुई। उन्होंने बताया कि टी 200 बाघ के अब अचानकमार में देखे जाने से ये लगता है कि डिंडोरी, मंडला के वन क्षेत्र को सम्मिलित कर जो टाइगर कॉरिडोर चिन्हित किया गया है, वन्य प्राणी उसका उपयोग कर रहे हैं। इसे सुरक्षित रखा जाना चाहिए जिससे आगे भी ये मूवमेंट बना रहे।


## संपादकीय

# गठबंधन में असमंजस की स्थिति से अटकलें

गठबंधन में चुनाव जीत कर बहुमत हासिल करने पर अक्सर मुख्यमंत्री पद को लेकर असमंजस की स्थिति बन जाती है। फिर, गठबंधन धर्म का निर्वाह और सहयोगी दलों के साथ सौहार्दपूर्ण समीकरण बिठाने में कई बार कठिनाई पेश आती है। महाराष्ट्र में भाजपा के सामने भी वही स्थिति है। वहां उसने एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना और अजित पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ मिल कर चुनाव लड़ा था। सबसे अधिक सीटें भाजपा को मिलीं। स्पष्ट बहुमत से महज तेरह सीटें कम। इस लिहाज से मुख्यमंत्री पद पर उसी का हक बनता है। शुरू में एकनाथ शिंदे ने जरूर कुछ दबाव बनाने का प्रयास किया था, मगर आखिरकार उन्होंने भी भाजपा का नेतृत्व स्वीकार कर लिया। इस तरह भाजपा के लिए रास्ता साफ हो गया और देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे माना जाने लगा। मगर दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक के बाद भी मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की जा सकी। चुनाव नतीजों के सात दिन बाद भी इस मामले में निर्णय न लिए जा सकने से स्वाभाविक ही तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। पिछली सरकार में काफी उथल-पुथल बनी रही। तब शिवसेना के साथ मिल कर भाजपा ने चुनाव लड़ा था, मगर चुनाव नतीजों के बाद शिवसेना ने पाला बदल लिया और कांग्रेस तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस से हाथ मिला कर महाअघाड़ी की सरकार बना ली थी। फिर शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस में बड़ी टूट हुई और इन दलों के नेताओं ने भाजपा के साथ मिल कर एकनाथ शिंदे की अगुआई में सरकार बना ली थी। संभव है, वहां उलट-फेर की आशंका भाजपा को अब भी सता रही होगी, इसलिए वह नई सरकार के गठन में किसी भी तरह सहयोगी दलों को असंतुष्ट नहीं रखना चाहती। फिर, जातियों का समीकरण भी उसे साधना है। वह मराठा दबदबे से अलग पिछड़े और दलित वर्ग में पैठ बनाना चाहती है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़ और हरियाणा के विधानसभा चुनावों के बाद जिस तरह इन वर्गों को संतुष्ट करने का प्रयास किया, उससे यह कयास स्वाभाविक रूप से लगाया जाने लगा है कि महाराष्ट्र में भी भाजपा कोई हैरान करने वाला फैसला कर सकती है। राजनीति में केवल सरकार बना लेना महत्वपूर्ण नहीं होता, सरकार के माध्यम से अपने जनाधार का विस्तार करना भी होता है। भाजपा इसी रणनीति पर काम कर रही है। मगर सरकार के गठन में देरी से प्रशासनिक कामकाज पर प्रतिकूल असर पड़ता है। मतदाता उन वादों को अमली जामा पहनते देखना चाहते हैं, जो चुनाव प्रचार के समय विजेता पक्ष ने किए थे। प्रशासनिक अमला इंतजार करता रहता है कि नई सरकार निर्देश दे कि उसे किन मसलों को तरजीह देना है और किन मसलों को मुल्तवी करना है। महाराष्ट्र आर्थिक रूप से समृद्ध राज्यों में शुमार है, इसलिए वहां सरकार गठन में होने वाली देरी का असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। यह ठीक है कि गठबंधन में संतुलन साधना कठिन होता है, मगर महाराष्ट्र में ऐसी कोई अड़चन नजर नहीं आती। भाजपा को ही अपने असमंजस से बाहर निकलना है। चूंकि वह बड़ी पार्टी है, उसे सहयोगी दलों के साथ उदारता पूर्वक व्यवहार करना और उनके सहयोग का सम्मान करना होगा, तभी महायुति की टिकाऊ और भरोसेमंद सरकार बन सकेगी। पहले ही महाराष्ट्र काफी उठा-पटक झेल चुका है, उसे राजनीतिक स्थायित्व की जरूरत है।

## OSHO कहिन

"प्यार एक पक्षी है, जिसे आजादी पसंद है और उसे बढ़ने के लिए पूरे आसमान की जरूरत होती है।"



## सैर-सपाटा

# दिल्ली की ठंड से परेशान लोग घूम आएं राजस्थान का सरिस्का

### बच्चों को घूमकर आ जाएगा मजा



अगर आप घूमने के लिए किसी नई जगह पर जाना चाहते हैं तो राजस्थान के सरिस्का में जा सकते हैं। ठंड के दिनों में इस तरह पर जाने का एक अलग ही मजा है। अगर आप दिल्ली में रहते हैं और ठंड से परेशान हैं तो सरिस्का जा सकते हैं। यहां हम उन जगहों के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आप सरिस्का में एक्सप्लोर कर सकते हैं। देखिए-

### 1) सरिस्का नेशनल पार्क

नेचर लवर और वाइल्ड लाइफ लवर्स के लिए सरिस्का में घूमने के लिए सबसे फेमस जगहों में से एक है। सरिस्का नेशनल पार्क में आपको भारतीय तेंदुए, सियार, लकड़बग्घा, हिरण, बंदर, जंगली सूअर, और अलग-अलग तरह के पक्षी देखने को मिल जाएंगे।

### 2) सरिस्का पैलेस

सरिस्का पैलेस को 1892 में स्थापित किया गया था। .इसका निर्माण महाराजा सवाई जय ने एक शिकार लॉज के रूप में किया था लेकिन अब यह 5 स्टार हेरिटेज होटल के रूप में काम करता है।

### 3) कांकवारी किला

शानदार राजस्थानी वास्तुकला देखने के लिए आप यहां जा सकते हैं। ये जगह विरासत महत्व और आसपास के नजारों के लिए सरिस्का में देखने लायक काफी जगह हैं। ये किला जय सिंह प्रथम द्वारा बनवाया गया था, लेकिन बाद में इसका इस्तेमाल मुगल सम्राट औरंगजेब ने किया।

### 4) हनुमान मंदिर

माना जाता है कि पांडुपोल वह जगह है जहां पांडव अपने निर्वासन के दौरान रुके थे और भीम ने राक्षसी हिडिम्ब पर विजय प्राप्त की थी। इस जगह का पर स्थित हनुमान मंदिर भी हिंदुओं के लिए एक फेमस और पवित्र मंदिर है और इसमें भगवान हनुमान की एक बड़ी मूर्ति है, जो पूरे भारत से भक्तों को आकर्षित करती है।

### 5) सिलिसेढ़ झील

आकर्षक सिलिसेढ़ झील सरिस्का में घूमने के लिए सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। अपनों के साथ फुर्सत के पलों का मजा लेने के लिए इस झील में जाएं। ये झील सात किलोमीटर से ज्यादा में फैली हुई है।

New Delhi

# नोएडा-दिल्ली के बीच कई रास्ते बंद, किसान आंदोलन की वजह से ट्रैफिक एडवाइजरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान से नोएडा के बॉर्डर पर पुलिस की मुस्तैदी बढ़ गई है। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों के सोमवार को दिल्ली कूच के लिए महामाया फ्लाईओवर के नीचे इकट्ठा होकर आगे बढ़ेंगे। किसानों के प्रदर्शन के चलते कई रास्तों पर वाहन चालकों को लंबे जाम में फंसना पड़ सकता है। इसको देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन योजना तैयार की है।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से किसान दोपहर करीब 12 बजे महामाया फ्लाईओवर के नीचे एकत्रित होंगे। ट्रैक्टर-ट्रॉली, गाड़ियों में सवार होकर किसान नोएडा पहुंचेंगे।



ऐसे में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से लेकर नोएडा के कुछ हिस्सों में जाम लग सकता है। नोएडा को दिल्ली जाने वाले तीन मुख्य रास्ते कालिंदी कुंज, डीएनडी व चिल्ला बॉर्डर किसानों के एकत्रित होने वाले रास्ते से ही लिंक है। ऐसे में वाहन चालकों को लंबे जाम में परेशान होना पड़ सकता है।

किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों के रास्तों में बदलाव की योजना तैयार की है। इस बारे में डीसीपी यातायात लखन यादव ने बताया कि किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए योजना की तैयार कर ली गई है। जैसे-जैस किसानों की भीड़ बढ़ेगी उस हिसाब से वाहनों के रास्तों में बदलाव किया जाएगा। व्यवस्था संभालने के लिए मौके पर व आसपास के रास्तों पर यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

New Delhi

## फडणवीस का नाम फाइनल, आज या कल विधायक दल की बैठक में लगेगी अंतिम मुहर

BJP नेता का दावा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** महाराष्ट्र को अब जल्द नया मुख्यमंत्री मिलने वाला है। बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो गया है। बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता का दावा है कि 2 या 3 दिसंबर को विधायक दल की बैठक होगी, उसमें फडणवीस को विधायक दल के नेता के रूप में चुन लिया जाएगा।

देवेंद्र फडणवीस इससे पहले 2014 से 2019 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे हैं. दूसरी बार उन्होंने अक्टूबर 2019 में सीएम पद की शपथ ली थी. हालांकि, बाद में उन्हें 3 दिन बाद इस्तीफा देना पड़ा था. उसके बाद वे 2022 से महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम हैं. फडणवीण नागपुर दक्षिण पश्चिम से 1999 से विधायक हैं. इस बार वे छठी बार चुनाव जीते हैं. इससे पहले वे नागपुर नगर निगम के मेयर भी रह चुके हैं. महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय विधानसभा के नतीजे 23 नवंबर को आ गए थे. महायुति को प्रचंड बहुमत मिला है. महायुति ने 233 सीटें हासिल की हैं. बीजेपी ने 132, शिवसेना ने 57 और एनसीपी ने 41 सीटें जीती हैं. हालांकि, नतीजे आने के 10 दिन बाद भी सीएम का नाम फाइनल नहीं हो पाया है. इसे लेकर लगातार खींचतान देखने को मिल रही है. न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार, बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो गया है.

Uttarpradesh

## थप्पड़ बरसाए, पेट पर लात मारी, फिर जमीन पर पटका... मुरादाबाद में बीच रास्ते महिला सिपाही से मारपीट, वीडियो वायरल

**मुरादाबाद, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक महिला सिपाही से सरेराह मारपीट की गई. इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे महिला सिपाही सिविल ड्रेस में रास्ते से जा रही है, तभी बाइक सवार शख्स उससे कुछ कहता है. कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो जाती है. इस बीच शख्स महिला पर टूट पड़ता है और उसे जमीन पर गिरा देता है. मारपीट के दौरान लोगों की भीड़ जमा हो जाती है. वे बीच बचाव करते हैं, तभी हमलावर शख्स मौके से बाइक छोड़कर भाग जाता है.

फिलहाल, पीड़ित महिला सिपाही ने मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है, जिसमें 4 नामजद और 6 अज्ञात लोग शामिल हैं. इस बाबत एसपी सिटी ने बताया कि आरोपियों की तलाश में टीमें लगा दी गई हैं. जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएग, साथ ही उनपर सख्त एक्शन लिया जाएगा. घटना 30 नवंबर की है.

जानकारी के मुताबिक, महिला सिपाही का नाम अमरीन है. बीते

Chhattisgarh

## सरगुजा में दर्दनाक हादसा, ट्रक-कार की भिड़ंत में 5 दोस्तों की मौत; कटर से काटकर निकाला बाहर

**सरगुजा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां के उदयपुर इलाके के गुमगा में स्कोडा कार और ट्रक की भीषण टक्कर में पांच दोस्तों की मौत हो गई। ट्रक और कार की भिड़ंत के बाद कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की हालत बेहद नाजुक थी जिसकी मेडिकल कालेज ले जाते वक्त रास्ते मे मौत हो गई। एक्सीडेंट इतना भीषण था कि कार में बैठे सभी युवक फंस गए थे, मृत चार और जिंदा बचे एक युवक को निकालने में काफी समय लग गया।

स्कोडा सवारों की पहचान रायपुर निवासियों के रुप में हुई है। हादसे का शिकार हुए स्कोडा कार सवार युवकों में तीन के नाम दिनेश साहू, संजीव और राहुल बताए गए हैं। जबकि दो अन्य की पहचान नहीं हो पाई है। खबरें हैं कि, स्कोडा



सवार रायपुर के चंगोराभाठा के निवासी हैं। हादसा इस कदर भीषण था कि, कार सामने से पूरी तरह तबाह हो गई। कार के अंदर बुरी तरह फँस चुके युवकों को तब ही निकाला जा सका जब कार को कटर से काटा गया। कटर से काटने के बाद बाहर निकाला गया और घायल को अस्पताल पहुंचा गया। हालांकि, बाद में घायल व्यक्ति की भी मौत हो गई।

खेल

# खत्म हुआ सिंधू का खिताबी सूखा, फाइनल में चीन की शटलर को हराकर तीसरी बार जीती ट्रॉफी

**लखनऊ, (एजेंसी) दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को फाइनल में चीन की वू लुओ यू को हराकर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन का महिला एकल ट्रॉफी जीतकर लंबे समय से चले आ रहा खिताब का सूखा समाप्त कर दिया। लखनऊ में खेले गए फाइनल मैच में पूर्व विश्व चैंपियन ने चीन की वू लुओ यू को 21-14 21-16 से मात दी और तीसरी बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। वह इससे पहले 2017 और 2022 में भी ट्रॉफी जीत चुकी हैं।**

सिंधू ने दो साल और चार महीने के अंतराल के बाद पोडियम का शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने आखिरी खिताब जुलाई 2022 में सिंगापुर ओपन में जीता था। इस साल वह मई में मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल में भी पहुंची थी।



### त्रीसा और गायत्री ने भी जीता खिताब

इससे पहले भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने बाओ ली जिंग और ली कियान की चीन की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर अपना पहला सुपर 300 खिताब जीता।

चीन में सत्र के अंत में होने वाले विश्व टूर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी त्रीसा और गायत्री ने चीन की प्रतिद्वंद्वियों को महज 40 मिनट में 21-18, 21-11 से मात दी। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता जोड़ी के लिए यह जीत ऐतिहासिक है क्योंकि त्रीसा और गायत्री इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला युगल जोड़ी बन गईं। यह जोड़ी 2022 चरण में उपविजेता रही थी।

### पृथ्वी-साई और तनीषा-ध्रुव की युगल जोड़ी रही उपविजेता

भारत के पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक की पुरुष युगल जोड़ी तथा तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल टीम ने अपना अभियान उप विजेता के तौर पर समाप्त किया। पृथ्वी और साई ने 71 मिनट तक चले पुरुष युगल फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उन्हें चीन के हुआंग डि और लियू यांग से 14-21, 21-19, 17-21 से हार का मुंह देखना पड़ा। पांचवी वरीयता प्राप्त तनीषा और ध्रुव की जोड़ी एक गेम की बढ़त गंवाकर मिश्रित युगल के फाइनल में थाईलैंड के डेचापोल पुआवारानुक्रोह और सुपिसारा पाएवसम्प्रान की जोड़ी से 21-18 14-21 8-21 से पराजित हो गई।

सिनेमा

# दिल्ली में सिर्फ 95 रुपये में देख सकते हैं 'पुष्पा 2', सबसे सस्ते टिकट वाले ये थिएटर्स होने वाले हैं हाउसफुल




अल्लू अर्जुन की अगली पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' थिएटर्स में रिलीज होने को तैयार है. पिछले 3 साल से इस फिल्म का इंतजार कर रही जनता फिल्म देखने के लिए क्रेजी है और इसका असर फिल्म की एडवांस बुकिंग पर नजर आने लगा है. शनिवार से 'पुष्पा 2' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और जनता का रिस्पॉन्स बता रहा है कि 5 दिसंबर को फिल्म थिएटर्स में धमाका करने वाली है. जिन थिएटर्स में फिल्म की बुकिंग शुरू हो चुकी है वहां टिकट बहुत तेजी से बुक हो रहे हैं और जल्द ही शोज भरने वाले हैं. 'पुष्पा 2' के टिकट्स की डिमांड भी तगड़ी है और इसलिए थिएटर्स में इसके टिकट प्राइस भी महंगे हैं. दिल्ली में फिल्म का सबसे महंगा टिकट 1800 रुपये का है. हालांकि, दिल्ली में अभी भी 'पुष्पा 2' देखने के लिए पॉकेट फ्रेंडली ऑप्शन उपलब्ध हैं. मगर दिक्कत ये है कि ये बहुत देर तक नहीं बचने वाले.दिल्ली एनसीआर में जहां अधिकतर थिएटर्स मल्टीप्लेक्स हैं, वहीं राजधानी के आइकॉनिक सिंगल स्क्रीन थिएटर्स अभी भी सिनेमा देखना का मास-एक्सपीरियंस बचाए हुए हैं. और अल्लू अर्जुन जैसे मास स्टार की फिल्म देखने के लिए इन थिएटर्स से बेहतर माहौल भला कहां मिलेगा.

## Highlights

1. Prayagraj's 'Maha Kumbh Mela' area becomes new district, UP now has 76 districts
2. Wall Street trader Jane Street offers ₹4.3-cr pay to IIT Madras student: Report
3. Bangladesh stops over 60 Iskcon monks from crossing into India
4. IPS officer Harsh Bardhan on way to join duty dies in car crash in Karnataka
5. Man dials police over ₹10 loan customer took for gutka 1.5 years ago in UP

# Centre plans to relax satcom security norms amid building Musk-India ties: Report



**NEW DEIHI, (Agency).** The government is considering to relax security conditions for giving satellite communication licenses which number between 30 and 40, making it more likely for Elon Musk's Starlink and Jeff Bezos' Amazon Kuiper to offer satcom services in India.

This comes amid signs of increasing cooperation between Musk and the Indian government with Musk's SpaceX recently launching the GSAT-20, the Indian Space Research Organisation's (Isro) communications satellite, from Cape Canaveral in Florida, US, according to an Economic Times report.

Some of the security conditions may be relaxed to make them more relevant with changing technology, the report read.

The discussion on the matter by law enforcement and Department of Telecommunications (DoT) officers happened at a meeting on November 29, 2024. At the moment, the Global Mobile Personal Communication by Satellite (GMPCS) license applied by both Starlink and Amazon are yet to be cleared due to compliance issues with the same security clauses.

Starlink at that time had told the government that the rules should be aligned with standard lobal regulations. Then last month, telecom minister Jyotiraditya Scindia said Starlink was in the process of applying for the security clearances.

Currently only the Bharti Enterprises-backed Eutelsat Oneweb and Reliance Jio's joint venture with Luxembourg-based satellite provider SES have gotten approval so far.

This also comes amid a fierce battle between the international players and domestic ones who have already bought airwaves by paying billions of dollars through auctions. The Indian players are urging the telecom regulator to permit only auctioned satellite spectrum for giving services to urban or 'retail' consumers.

# US millionaire Bryan Johnson hit by Mumbai smog during India tour: 'My throat and eyes burn'

**NEW DEIHI, (Agency).** Bryan Johnson, the US entrepreneur who is on a mission to achieve reverse his age, revealed that he felt the effects of air pollution in Mumbai soon after landing in the city as part of his India tour.

"I arrived in Mumbai yesterday and even with air purifiers in my hotel room and wearing a N95 mask outside, my throat and eyes burn. I agree, it's a pretty serious health situation," Johnson said on X (formerly Twitter).



He was responding to a post by Indian-origin venture capitalist Debarghya, aka Deedy Das, on the impact pollution has on health. Das said he notices that his eyes water more and that he ends up blowing his nose more whenever he is in India.

The millionaire is in India, visiting Mumbai and Bengaluru, to promote his book "Don't Die".

On Sunday evening, Johnson met Zomato CEO Deepinder Goyal and comedian Tanmay Bhat for a meet-up at Soho House in Mumbai. He said while over 1,100 people applied to be a part of the exclusive event, only 50 were shortlisted.

"Last night at Soho house with @deepigoyal, who built @zomato into one of the most successful companies in India. There were over 1,100 applications for 50 seats. Sad to miss so many of you," the American wrote on X on Monday morning.

In another post, Johnson said he has brought with him every food item that he will consume during his six days in India. This includes his "longevity mix", nut bars, peptides, pea soup and lentils among other things.

# इंजीनियरिंग छात्र ने छात्रा से की छेड़छाड़

## दूसरी घटना ऑटो ड्रायवर करता था छात्रा से हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने निजी कॉलेज में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाली छात्रा की शिकायत पर जय मंडलोई के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। इसी तरह की एक और घटना में आटो ड्रायवर नाबालिग छात्रा से हरकत करता था। यह बात उसने परिजनों को बताई तो वे उसे लेकर पुलिस के पास पहुंचे और केस दर्ज कराया।**

पहली घटना में बाणगंगा पुलिस को छात्रा ने बताया कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग की सैकेंड ईयर की पढ़ाई कर रही है। जय भी पढ़ाई करता है। 1 अगस्त को जब वह अरविंदो पंप के पास से जा रही थी। तो वहां पर जय आया और रास्ता रोकते हुए कहा कि वह उसे पंसद करता है, बात करना है। छात्रा ने इनकार कर दिया और आगे बढ़ गई। इसके बाद लगातार जय उस पर बात करने के लिये दबाव बनाने लगा। फिर उसने एक दिन रास्ते में रोककर सुसाइड की धमकी दी। ब्लेड से अपना हाथ काट लिया। उसके पीछा करने और इस तरह की हरकत से परेशान होकर छात्रा ने शुक्रवार को उसकी मां को पूरी बात बताई। इसके बाद थाने आकर केस दर्ज करा दिया।

इसी प्रकार बाणगंगा पुलिस ने ही सातवी क्लास में पढ़ने वाली छात्रा के पिता की शिकायत पर ऑटो ड्राइवर शैलेन्द्र पर पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी निजी स्कूल में पढ़ाई करने जाती है। शैलेन्द उन्हें लाने ले-जाने का काम करता है। शनिवार की शाम जब छात्रा के पिता घर आए तो पत्नी ने बताया कि उनकी बेटी स्कूल से आने के बाद से काफी घबराई हुई है। उससे पूछा तो रोते हुए बताया कि ऑटो वाले अंकल गंदे तरीके से देखते है। कहते है कि वह उसे पसंद करते है, यह बात घर पर किसी को मत बताना। अगर किसी को बताया तो जान से खत्म कर देंगे। पत्नी की बात सुनकर छात्रा के पिता ने उससे बात की ओर थाने ले जाकर पुलिस को पूरी घटना बताई। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया।

## पति ने दी दहेज प्रताड़ना

**इन्दौर।** एक महिला को उसके पति ने दहेज के लिए प्रताड़ित किया। इससे तंग आकर महिला ने पुलिस की शरण लेते हुए केस दर्ज कराया है। आजाद नगर पुलिस को फरियादिया अमरीन बी निवासी कोहिनूर कालोनी ने शिकायत दर्ज करवाई कि पति इरफान द्वारा दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब तीन साल से वह परेशान कर रहा है। इसी प्रकार तेजाजी नगर पुलिस को किरण कैलाश शिंदे ने शिकायत दर्ज करवाई कि विनय निवासी भावना नगर ने फरियादिया के साथ विवाद कर मारपीट की।

# रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप का मौका मिलने जा रहा है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत संयुक्त रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है।**

यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केंद्र के तत्वावधान में 2 दिसंबर, सोमवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नंदानगर में लगेगा। इसकी शुरुआत सुबह 11 बजे होगी और यह दोपहर 3 बजे तक चलेगा।रोजगार मेले में प्रतिभागियों को करियर बनाने के अवसर तो मिलेंगे ही, साथ ही बिजनेस शुरू करने के लिए लोन की प्रोसेस के बारे में गाइडेंस भी दी जाएगी। मेले में कई नामी कंपनियां युवाओं को रोजगार देंगी। इनमें शामिल हैंः-आयशर, आईटीएल इंडस्ट्रीज,दिप्पी इंटर प्रायसेस, वाइट क्लीप, क्वेश कार्पोरेशन, निर्माण ऑर्गनाइजेशन, एसडी कंसल्टेंट, एसजीएस (मैनपावर), रूपरंग, मोजेक वर्क स्किल, अल्ट्रोज टेक्नोलॉजी, पटेल मोटर। ये कंपनियां करीब 350 से ज्यादा युवाओं को रोजगार का मौका देंगी।

## नवविवाहिता की खुदकुशी में पति और सास पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक नवविवाहिता खुदकुशी के मामले में पुलिस ने उसके पति और सास के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। परदेशीपुरा क्षेत्र के एसीपी शिवेंदु जोशी के अनुसार 19 वर्षीय चांदनी ने अगस्त माह में खुदकुशी कर ली थी। मामले में उसके परिजनों के बयान लिए गए तो पता लगा कि उसका पति रवि और सास संगीता निवासी सर्वहारा नगर उसे शादी के बाद से ही दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इसके चलते उसने तंग आकर खुदकुशी कर ली। मामले में जांच के बाद पति और सास पर केस दर्ज किया गया।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक